



### एक नजर में

## सार्वजनिक कुएं की श्रमदान से की सफाई

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी ने जल गंगा अभियान के तहत मंगलवार 7 अप्रैल को नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा वार्ड 10 स्थित छोटा मठारदेव पंप हाउस के सार्वजनिक कुएं की श्रमदान के माध्यम से सफाई की। कुएं से खरपतवार एवं शैवाल निकाली गई नगर पालिका द्वारा जल गंगा अभियान के तहत सार्वजनिक जलस्रोतों की सफाई का अभियान सतत जारी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं आम नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। मंगलवार 7 अप्रैल को वार्ड 10 स्थित कुएं की सफाई कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद शिवकली बबलू नर्रे, भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, नोडल अधिकारी रविंद्र वराठे, सहायक नोडल अधिकारी कमलेश पटेल, प्रभारी गुरूस्वामी एरूलू के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त कुएं से खरतवार, शैवाल निकाली गई। सफाई के बाद ब्लीचिंग पाउडर डालकर ग्रीन नेट से कुएं को ढांका गया। उक्त अभियान सतत जारी रहेगा।

## नपा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने राजेश

**सारनी।** मध्यप्रदेश नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैतूल जिलाध्यक्ष पद पर नगर पालिका परिषद सारनी में पदस्थ राजेश वाग्द्रे की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी सोमवार को जारी नियुक्ति पत्र जारी किया। संघ के प्रदेश कार्यालय भोपाल से जारी पत्र अनुसार म.प्र. नगर निगम, नगर पालिका संघ के संविधान की धारा 12 (अ) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सारनी में पदस्थत श्री वाग्द्रे को बैतूल जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्हें जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारी, कर्मचारियों, दैनिक वेतन भोगियों, पेंशनर्स कर्मियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों व श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकृत किया गया है। उनका कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की दिनांक से तीन वर्ष का होगा। राजेश वाग्द्रे को संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्ति होने पर जिले भर के संघ पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की।

## ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र पर हो रहा है अतिक्रमण

**मुलताई।** पवित्र नगरी मे मां ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र मे नव निर्माण कर अतिक्रमण करने के आरोप लगाते हुए ताप्ती भक्त डीके कालभोर, गोलू उघडे सहित अन्य लोगो ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौपकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन मे बताया ताप्ती नदी का प्रवाह क्षेत्र पुराना खसरा नंबर 242 नया 568 ताप्ती नदी तालपानी सुधार कर दर्ज किया है। जिस पर नगरपालिका द्वारा बोर्ड लगाया गया है ।ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र पर खम्बे गाड़कर अतिक्रमण किया जा रहा है। उक्त जमीन पर नगरपालिका ताप्ती नदी के छोटे सरोवर पर अवैध रूप से सीमेंट की रोड बना दी है। जिस पर बड़े वाहनों का आवागमन हो रहा है. ताप्ती भक्तो ने उक्त मामले जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## अभिषेक बने प्रांतीय संयोजक

**मुलताई।** भारत विकास परिषद संस्कार प्रकल्प के प्रांतीय संयोजक का नगर के निजी स्कूल के शिक्षक अभिषेक खंडेलवाल को दायित्व सौंपा गया है। कल शाम प्रांत स्तर की दायित्वधारी सूची जारी होने पर परिषद के अधिकृत मंडल में उनका नाम घोषित हुआ। जिससे भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओ मे हर्ष व्याप्त है।

# पराली जलाने के 73 मामले आए सामने, अब तक 48 की पुष्टि

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 7 अप्रैल. रबी सीजन की कटाई के बाद गेहूं वाले खेत में खड़ी नरवाई को जलाने पर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। फिर भी किसान आग लगा रहे हैं।**

**पराली जलाने खेतों में आग लगा रहे किसान**

**पराली जलाने पर प्रशासन ने शुरू की सख्त कार्रवाई**



इसका उदाहरण सैटेलाइट इमेज से 73 खेतों में नरवाई जलने की इमेज है। जिस पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दे कि वर्तमान में मजदूरी महंगी होने और मजदूर ना मिलने के कारण किसान सामान्य तौर पर हार्वेस्टर पर निर्भर होते जा रहा हैं और इसलिए अब खेतों में आग लगाने का चलन बढ़ गया हैं। हालांकि शासन इस सिस्टम को रोकना चाहता हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण किसान खेतों में खड़ी नरवाई जलाकर खेतों को साफ करते है। इससे आगजनी का खतरा तो है ही, साथ ही मिट्टी की उर्वरका भी प्रभावित होती हैं।

**सैटेलाइट इमेज में 73 खेत में जलते मिली नरवाई, 48 की पुष्टि :** नरवाई जलाने पर रोक के बावजूद खेतों में आग लगाई जा रही है। सैटेलाइट इमेज से 73 खेतों में नरवाई जलने की इमेज मिलने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सैटेलाइट इमेज के माध्यम से खेतों में नरवाई जलने के संकेत मिलने पर कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पंचनामा तैयार किया। जांच में अब तक 73 में से 48 मामलों में नरवाई जलाने की पुष्टि हो चुकी है। इन मामलों में संबंधित किसानों को एसडीएम के माध्यम से नोटिस जारी किए जा रहे हैं और उनसे जवाब मांगा जा रहा है। शेष मामलों की जांच अभी जारी है, जिनमें भी पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

**नरवाई जलाने पर यह होगी कार्रवाही :** सार्वजनिक संपति, पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 63 में प्रदत्त अधिकारों के तहत बैतूल जिले की भौगोलिक सीमा में खेत में नरवाई पराली में आग लगाना प्रतिबंधित किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर म्प्र शासन पर्यावरण विभाग, भोपाल के तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम) 1981 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी।

सैटेलाइट इमेज से 73 खेतों में नरवाई जलने के मामले सामने आये है। सैटेलाइट इमेज के आधार पर चिन्हित खेतों का भौतिक सत्यापन कराया गया है। जिसमें 48 मामलों में नरवाई जलाने की पुष्टि हो चुकी है, उनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

**- डॉ. आनंद बडोनिया, उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल**

### किसानों को विकल्पों की जानकारी नहीं

नरवाई में आग लगाने के बजाए क्या बेहतर विकल्प है और कैसे उपलब्ध हो सकते हैं, इसको लेकर किसानों को जानकारी नहीं हैं। हालांकि विभाग किसानों को समय-समय पर जागरूक भी करता है, किन्तु अभी भी कई किसानों को सही जानकारी नहीं है। यही वजह है कि किसान गेहूं फसल की कटाई के बाद खेतों में उनके डंठलों को खत्म करने आग लगते है। किसानों का कहना है कि वर्तमान समय में हार्वेस्टर से कटाई होती है। जिसके बाद खेतों में डंठल (पराली) शेष बच जाती है। इसे खत्म करने के लिए किसान खेतों में लगे गेहूं के ठूंठ को जला देती है। इससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति पर तो प्रभाव पड़ता ही है, साथ ही कई बार पराली जलाने के लिए लगाई गई आग मकानों और फसल तक पहुंचकर मुसीबत बन जाती है।

### नरवाई जलाने के सबसे अधिक मामले बैतूल ब्लॉक के

जिले के विभिन्न ब्लॉकों में नरवाई जलाने के कुल 73 मामले सामने आये है। इनमें बैतूल ब्लॉक में 14, चिचोली में 4, शाहपुर में 6, घोडाडोंगरी में 7, भैंसदेही में 5, आठनेर में 13, भीमपुर में 3, मुलताई में 12, प्रभातपट्टन में 8 तथा आमला ब्लॉक में 1 मामला सामने आया है। इसमें से अब तक बैतूल ब्लॉक में 9, शाहपुर में 10 घोडाडोंगरी में 3, भैंसदेही में 3, आठनेर में 7, भीमपुर में 3, मुलताई में 7 तथा आमला में 4 मामलों की पुष्टि हुई है। जिन्हें जुर्माना लगाने और नोटिस की कार्रवाही की जायेगी। बता दे कि खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनातें है, इन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करता है। वही आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। खेतों में आग लगाने से खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते है, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनै : शनै : घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

# पुलिस ने 635 मोबाइल किए बरामद, 80 लाख के वापस

**बैतूल।** साइबर सेल एवं जिले के थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गुम हुए 635 मोबाइल फोन को बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस दौरान पुलिस ने करीब 80 लाख के मोबाइल फोन वापस किये है। दरअसल पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन में पुलिस ने यह कार्रवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा गुम मोबाइल फोन की खोज एवं बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। पुलिस ने वर्ष 2026 जनवरी से मार्च माह तक कुल 100 गुम



मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख है। इसके अतिरिक्त, 1 जनवरी 2025 से अब तक कुल 635 गुमशुदा मोबाइल फोन अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख बरामद किए जा चुके हैं। जिनमें से 535 से अधिक मोबाइल फोन लगभग 71 लाख मूल्य सत्यापन उपरांत उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाए गये है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन देश के विभिन्न राज्यों एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलो से ट्रैक कर प्राप्त किए गए हैं। जिनमें सैमसंग, वनप्लस, मोटोरोला, वीवो, ओप्पो, रेडमी एवं रियलमी कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं। इन मोबाइल फोन को छात्र-छात्राओं, मजदूरों, किसानों, गृहणियों सहित विभिन्न वर्गों के नागरिकों को सुपुर्द किया गया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी लौट आई और पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। इस कार्य में साइबर सेल टीम उप निरीक्षक अश्विनी चौधरी, उप निरीक्षक नवीन सोनकर, एवं थाना आमला से आर.जितेंद्र, थाना भैंसदेही से आर नारायण जाट, थाना झल्लार से आर. हर्षवर्धन एवं थाना आठनेर से आर.कंचन चौरे का विशेष योगदान रहा।

# जिला आबकारी अधिकारी अंशुमन चढार निलंबित

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 7 अप्रैल. बैतूल में शराब दुकानों के निष्पादन में लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई की गई है। आबकारी आयुक्त ग्वालियर दीपक कुमार सक्सेना ने जिला आबकारी अधिकारी अंशुमन चढ़ार को निलंबित कर दिया है।**

यह कार्रवाई वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों की टेंडर प्रक्रिया में अपेक्षित परिणाम न मिलने और शासन के राजस्व हित प्रभावित होने के कारण की गई है। जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 61 शराब दुकानें हैं, जिनमें से 8 दुकानें अब तक नीलाम नहीं हो सकी हैं। इनमें बैतूल बाजार की दो दुकानें, बैतूल गंज, आमला बस स्टैंड, भैंसदेही की दो दुकानें,

**जिले की शराब दुकानों की नीलामी फेल**

**8 दुकानें बिना ठेके, राजस्व नुकसान के बाद कार्रवाई**


सारणी नंबर-1 और बगडोना शामिल हैं। इन दुकानों की कीमत अत्यधिक होने के कारण ठेकेदारों ने इनमें रुचि नहीं दिखाई। बताया जा रहा है कि पहले दुकानों की नीलामी समूह बनाकर की गई थी, लेकिन समूह निर्धारण में गड़बड़ी सामने आई। कई दुकानों को 30-30 किलोमीटर दूर तक जोड़कर समूह बनाए गए थे, जिससे ठेकेदारों के लिए उनका संचालन व्यावहारिक नहीं रहा। बाद में समूह तोड़ने पर छोटी दुकानें तो नीलाम हो गईं, लेकिन महंगी दुकानें अब भी खाली पड़ी हैं। इससे राजस्व का नुकसान होने पर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिले की 8 शराब दुकानों का ठेका नहीं हो पाया है। जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। निलंबन अवधि में अंशुमन चढ़ार का मुख्यालय संभागीय कार्यालय भोपाल निर्धारित किया गया है।

# हेमंत धोटे को मिली सारनी मंडलम अध्यक्ष की कमान

**सारनी।** नगर के युवा नेता हेमंत धोटे को सारनी मंडलम अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। जिला स्तर पर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के सभी ब्लाक मे मंडलम अध्यक्ष बनाये गए है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे की अनुशंसा पर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा की सहमति से सारनी ब्लॉक यूथ कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत धोटे को सारनी कांग्रेस का मंडलम अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। श्री धोटे लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ मजबूती से जुड़े रहे हैं। सारनी मंडलम अध्यक्ष बनाये जाने पर हेमंत धोटे ने शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भोला कांति, तिरुपति ऐरोलू, भगवान जावरे,बटेश्वर भारती, मोहम्मद इलियास, भूषण कांति, विक्की सिंह, सन्नी ऐरोलू, नरेंद्र वाडिबा, हरिश पाल, गोविंदा ऐरोलू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# चलती ट्रेन में चढ़ते समय यात्री का पैर कटा

**मुलताई। मुलताई में कुन्नूर सिटी-जयपुर एक्सप्रेस (19714) में यात्रा कर रहे एक यात्री का पैर ट्रेन में चढ़ते समय कट गया। यह हादसा तब हुआ जब दोपहर डेढ़ बजे यात्री पानी लेने के लिए नीचे उतरा था और चलती ट्रेन में वापस चढ़ने का प्रयास कर रहा था।**



घायल यात्री की पहचान वसीम खान (40) के रूप में हुई है, जो अचलपुर, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) के निवासी हैं। आरपीएफ के प्रधान आरक्षक वाय एस चंदेल ने बताया कि वसीम खान अपनी पत्नी साबिरा बानो (35) के साथ चांदूरबाजार से शुजालपुर जा रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन एक स्टेशन पर रुकी, जहां वसीम खान पीने का पानी लेने के लिए नीचे उतर गए। ट्रेन के चलने पर उन्होंने जल्दबाजी में वापस चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे संतुलन खो बैठे। ट्रेन की चपेट में आने से उनका एक पैर कट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल रेलवे स्टाफ को सूचना दी, जिसके बाद घायल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की पत्नी साबिरा बानो ने बताया कि वे अपनी बहन के यहां जा रहे थे, जहां उनकी सास की तबीयत खराब थी। रेलवे पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉक्टरों के अनुसार, घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें और पूरी सावधानी बरतें।

# कर्मचारियों की समस्याओं पर मंत्री से चर्चा की

**पाथाखेड़ा।** मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेंट कर नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री हरिओम कुशवाहा व सारनी के महेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया। भेंट के दौरान नियमित, विनियमित, दैनिक वेतनभोगी, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने वेतन विसंगतियों, सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से रखा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संगठन को आश्वस्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों की सभी जायज मांगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि निकाय स्तर पर आने वाली समस्याओं का समुचित संकलन कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि आगामी बैठक में ठोस निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दैनिक वेतनभोगी, संविदा, आउटसोर्स एवं अंशकालिक कर्मचारियों सहित सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखते हुए न्यायसंगत निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर कमल किशोर भावसार सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष का प्रभार लेने नपा पहुंचीं नीतू परमार

**मुलताई। नगरपालिका अध्यक्ष पद को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को फैसला सुनाते हुए नीतू परमार को अध्यक्ष पद का प्रभार लेने के स्पष्ट आदेश पारित किए है।**

**हाई कोर्ट के आदेश की सौंपी प्रति**

**सीएमओ ने पीओ डूडा को लिखा पत्र**



किसके चलते मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे नीतू परमार कांग्रेस नेताओं के साथ नगर पालिका पहुंची एवं उच्च न्यायालय के आदेश एवं आवेदन की प्रति मुख्य नगर पालिका वीरेंद्र तिवारी को सौपा। नीतू परमार ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद उन्हें दोबारा पद संभालने का अधिकार है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि उन्हें कोर्ट का आदेश और आवेदन मिल गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पीओ डूडा को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा गया है, अधिकारियो ने निर्देश अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कांग्रेसी पार्षद अंजलि शिवहरे, वंदना साहू, सुमित शिवहरे सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

# खेत से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**आमला। आमला पुलिस ने खेत से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.20 लाख का मशरूका बरामद किया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल की रात्रि लगभग 11.30 बजे से 12.30 बजे के मध्य फरियादी सुदामा सिंह पिता मनोहर सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम खरपड़ाखेड़ी के खेत (ग्राम सेमरियाजोशी) में बने टीनशेड कमरे का अज्ञात आरोपी द्वारा ताला तोड़कर अंदर रखी ओपल व्हील पानी की मोटर (कीमत 25,000) चोरी कर ली गई थी। उक्त घटना की रिपोर्ट पर थाना



आमला में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आमला पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अमित पिता पंचम मालवीय, (35) निवासी वार्ड नं. 31 शोभापुर मैगजीन कॉलोनी एवं राजेन्द्र सिंह पिता सूपसिंह रघुवंशी (21) निवासी वार्ड नं. 31 शोभापुर मैगजीन कॉलोनी, पाथाखेड़ा थाना सारणी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक गोल्डन रंग की टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी कीमत 90,000 एवं एक ओपल व्हील मोटर कीमत 25,000 तथा चोरी में प्रयुक्त औजार (13 पट्टी पाना, 05 रिंग पाना, 01 कैंची कटर, 01 आरी, 01 हथौड़ी, 01 लीवर) कुल 1,20,000 का माल बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस कार्यवाही में निरीक्षक रविकांत डेहरिया, सउनि रामेश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक नीलेश सोनी, प्रधान आरक्षक कमलेश धुर्वे, आरक्षक तिलक कोड़ापे, आरक्षक विवेक पाल एवं आरक्षक नागेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

**जनसुनवाई** | **कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से करें निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 7 अप्रैल.** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि

**जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी भी रहे मौजूद**



विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुलताई निवासी रजनीश गिरी ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मुलताई पारेगांव का पुराना रास्ता अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया है, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम मुलताई को शीघ्र अतिक्रमण हटाने और रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में हमलापुर निवासी बलवंत ने सीमांकन करवाकर रोड बंद किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को सीमांकन कर प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अमरु द्वारा नाले की भूमि पर कब्जा होने के आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल सीएमओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

**अभिलेख दुरुस्त करने के दिए निर्देश :** जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम परमंडल निवासी फूलचंद बनखेडे ने अभिलेख सुधार कर नाम दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को तत्काल आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

### अभिलेख दुरुस्त करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम परमंडल निवासी फूलचंद बनखेडे ने अभिलेख सुधार कर नाम दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को तत्काल आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम उमरिया निवासी मनीष सिंह कुशवाहा ने भूमि का बिना बटवारा हुए और स्टे होने के बाद भी अनावेदक द्वारा निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने आमला तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# दीप महायज्ञ में नशा मुक्त समाज का संकल्प

**मुलताई। नगर मे पारेगांव रोड चल रहे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री परिवार के साधको द्वारा वैदिक पद्धति से 15 बच्चों का निशुल्क विद्यारंभ संस्कार, 2 बहनों पुंसवन संस्कार निशुल्क कराया गया।**



इस अवसर पर पंडित विशाल बंदेवार ने प्रज्ञा पुराण कथा में संस्कारों का महत्व बताया साथ ही रात्रिकालीन बेला में सहस्त्रों दीपक प्रज्वलित कर दीपमहायज्ञ सम्पन्न कराया। जिसमें वार्डवासियो ने भी अपने अपने घरों से आरती की थाल सजाकर लाए एवं आरती में पांच पांच दीपक सजाकर लाए, दीप यज्ञ के दौरान दीपकों को प्रज्ज्वलित कर राष्ट्र की सुरक्षा समृद्धि हेतु, भावनात्मक आहुतियों समर्पित की ,पूरा यज्ञ स्थल दीपों की रोशनी से जगमगा उठा ।गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी नारायण देशमुख ने बताया कि इस आयोजन में मुलताई एवं प्रभात पट्टन तहसील के विभिन्न ग्रामों से सैकड़ों कार्यकर्ता भाई बहनों सहित,प्रज्ञा पीठों शक्ति पीठ के सक्रिय कार्यकर्ता भाई बहनों ने उपस्थित होकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने एवं नशा मुक्त समाज बनाने हेतु निरंतर जन जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता टीके चौधरी ने भी नशा मुक्त समाज बनाने मार्गदर्शन दिया। समापन पर आयोजक गुलाबराव चिल्हाटे ने उपस्थित सभी परिजनों का आभार व्यक्त किया।